of Bolpur Shantiniketan area of Birbhum district of West Bengal had actively participated in the Movement. They had launched an all out Civil Disobedience Movement on 29th August, 1942 which has been marked in the history with golden letters. Several freedom fighters had laid their lives by the bullets of the British Police leaving hundreds injured on that day in and around the Bolpur Railway Station area. The demand of the people of Birbhum, specially, of Bolpur under the platform of 1942 Shahid Samarak Committee is for setting up of a Martyr's column at the Bolpur-Station area to commemorate the heroes of the historic August Movement.

Sir, I urge upon the Government, particularly, the Railway Minister to look into the matter to meet this demand. Thank you.

MR. SPEAKER: Yes, No. 26. How many can I allow today?

(श्री लालू प्रसाद) : हम माननीय सदस्य के नोटिस को ग्रहण करते हैं। स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में जो माननीय सदस्य का सुझाव है, रेलवे उसकी व्यवस्था करेगी और उन्हें सम्मानित करेगी।

MR. SPEAKER: I should thank you. It is my constituency. Thank you very much.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : मान्यवर, राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। इसका ज्यादातर भाग रेगिस्तानी है या अरावली की पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यह सीमावर्ती राज्य है जिसकी 700 किलोमीटर सीमा पाकिस्तान से लगी हुई है। पाकिस्तान की सीमा से लगे हुए जो रेगिस्तानी इलाके हैं, वहां घुसपैठ की रोकथाम, कानून और व्यवस्था बनाए रखने, यातायात, प्रशासन तथा प्रबंधन की कई समस्याएं हैं। इंदिरा गांधी नहर में भी समझौते के अनुसार पंजाब से पूरा पानी नहीं मिल रहा है। परिणामस्वरूप किसान आंदोलित हैं। आज राजस्थान में अकाल की परिस्थिति पैदा हो गई है। अधिकांश जिलों में सूखा पड़ा हुआ है, दुर्भिक्ष पड़ा हुआ है, तालाब सूख गए हैं, हैंड पंप सूख गए हैं और भूमिगत जल स्तर नीचे गिर गया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि राजस्थान की विशेष भौगोलिक

परिस्थिति को देखते हुए तथा सीमावर्ती राज्य होने के कारण लगातार पांच साल से वहां सूखा और दुर्भिक्ष पड़ने के कारण उसे विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाए।

महोदय, कई राज्यों को जैसे, बिहार आदि को आर्थिक पैकेज दिया गया है, लेकिन राजस्थान निरंतर पांच सालों से अकाल की चपेट में है, दुर्भिक्ष स्थिति की चपेट में है और राज्य सरकार आर्थिक पैकेज के लिए लगातार मांग कर रही है। राजस्थान के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए हम प्रयत्नशील हैं। मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से प्रार्थना करता हूं कि राजस्थान को विशेष आर्थिक पैकेज देकर इस अकाल और दुर्भिक्ष स्थिति की चपेट से मुक्त कराने में सहयोग करे।

MR. SPEAKER: Thank you. Your number was 28th. Now, No. 29 Shri Bhuvaneshwar Prasad Mehta.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड में बारिश न होने के कारण अकाल पड़ा हुआ है। झारखंड के हजारीबाग, गढ़वा, डालटन, चतरा, गिरिडी, पोलारमा, बोकारो सहित दर्जनों जिलों में वर्षा न होने के कारण 25 परसेंट भी धान की फसल का रोपण नहीं हुआ है।.(व्यवधान)

SHRI RAM KRIPAL YADAV (PATNA): What about me?

MR. SPEAKER: Your leader has asked not to give more opportunity to senior Members. You are such a senior Member, and he is a new Member.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता : झारखंड की आधी से ज्यादा आबादी भदई फसल पर निर्भर करती है। इस बार झारखंड में भदई की फसल भी नहीं हुई है और अगले साल भी अकाल पड़ा था। अकाल और सूखाड़ के चलते दो सौ से ज्यादा लोगों की भूख से मौत हुई थी। इस बार भी भयंकर स्थिति है। अभी से लाखों लोगों ने यहां से दूसरे राज्यों में पलायन करना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार कुछ भी करने में अक्षम है।

मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि अकाल और सूखाड़ के कारण झारखंड में भयंकर स्थिति है और लाखों लोग दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। इस तरफ केंद्र सरकार जल्द ध्यान दे और राहत का कार्य शुरू करवाए ताकि इस पलायन को रोका जा सके और भूख के कारण लोगों की मौत न हो।

MR. SPEAKER: Dr. Arun Kumar Sarma, you were absent when I had called you earlier. You should give notice and be present.

. (*Interruptions*)

DR. ARUN KUMAR SARMA (LAKHIMPUR): Hon. Speaker, Sir, I would like to draw the attention of the Government regarding massive erosion caused by Brahmaputra and its tributaries in Assam since last year.. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You are the 30th Member that I have allowed.